# स्पाइसेस बोर्ड

(वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय, भारत सरकार)
सुगंध भवन, एन.एच. बै पास, पी.बी. नं. 2277
पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्ची - 682 025
www.indianspices.com, फोन: 0484-2333610 से 16 तक

## तकनीकी विश्लेषक - रसायन विज्ञान व सूक्ष्मजीव विज्ञान (संविदा पर)

स्पाइसेस बोर्ड, निगम/नगरपालिका, जहां पर संबंधित गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएँ स्थापित हैं, वहाँ के रहनेवाले योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों से, प्रारंभ में, एक साल की अवधि केलिए तथा अपेक्षा के अनुसार एवं निष्पादन के आधार पर और एक साल केलिए विस्तार्य है, संविदा-नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

| | |
|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | गु.मू.प्र.(क्यूईएल), मुंबई - रसायन विज्ञान -दो (2)<br>मसाला पार्क, रायबरेली - रसायन विज्ञान - एक (1)<br>गु.मू.प्र.(क्यूईएल),कोलकत्ता - सूक्ष्मजीव विज्ञान -एक(1)<br>(अपेक्षानुसार भारत में कहीं भी तैनाती) |
| आवश्यक योग्यता | **रसायन विज्ञान:** रसायन विज्ञान ( विशेष रूप से शुद्ध रसायन विज्ञान/अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान/ विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान) में 10 में कम से कम 7 ओजीपीए या 70 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री ।<br><br>**सूक्ष्मजीव विज्ञान :** सूक्ष्मजीव विज्ञान(खाद्य सूक्ष्मजीव विज्ञान/ अनुप्रयुक्त सूक्ष्मजीव विज्ञान) में 10 में कम से कम 7 ओजीपीए या 70 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री । |
| अनुभव | मसालों की गुणवत्ता जांच में कम से कम दो वर्ष का अनुभव । |
| वेतन | 30,000/- रुपए (समेकित) प्रति माह निश्चित। |
| काम का विवरण(केवल विशिष्ट कार्य केलिए) | मसालों के गुणवत्ता-नियंत्रण से संबंधित नए पैरामीटरों, परियोजनाओं के मानकीकरण में सहायता करना । गुणवत्ता प्रणालियों और नियमावलियों के आधार पर विश्लेषणात्मक सेवा प्रदान करना । |
| नियुक्ति का कार्यकाल | नियुक्ति, प्रारंभ में, एक साल की अवधि केलिए वैध होगी तथा अपेक्षा के अनुसार एवं निष्पादन के आधार पर और एक साल केलिए विस्तार्य है। |
| आयु सीमा | जैसेकि 01-10-2020 को है, 35 वर्ष से अधिक न हो। |

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 22 अक्तूबर, 2020 है ।**

**चयन का तरीका :** चयन, बहु-विकल्पों (वस्तुनिष्ठ जांच (एमसीक्यू) और/या निबंध प्रकार की जांच और/या साक्षात्कार) के ज़रिए होगा।

**आवेदन कैसे करें :** उम्मीदवार, जो आवेदन करना चाहते हैं, वे अनुबंध- I में आवेदन के निर्धारित फॉर्मेट डाउनलोड करें और स्कैन किया हुआ आवेदन (विधिवत भरे और हस्ताक्षर किए) समर्थक दस्तावेज़ों (जैसे शैक्षिक योग्यता, आयु का प्रमाण, निवास प्रमाणपत्र, अनुभव, आदि) के स्कैन की गई प्रतियों के साथ संबंधित गुणवत्ता

मूल्यांकन प्रयोगशाला, जहां पर उम्मीदवार आवेदन करना चाहता है, को इ-मेल द्वारा भेजें, जिसका विषय "**Application for the post of Technical Analyst (Chemistry/ Microbiology) on contract**" हो । [मुंबई : **sbromumbai@gmail.com** रायबरेली: **spicesboardrbly@gmail.com** : कोलकत्ता: **sbrokolkata@gmail.com**] । शॉर्टलिस्ट किए उम्मीदवारों को संबंधित गु.मू.प्र. ओं में लिखित परीक्षा/साक्षात्कार संबंधी सूचना दी जाएगी ।

**22 सितंबर, 2020**

**कोच्ची - 25** **सचिव**

**सामान्य अनुदेश**

1. समर्थक दस्तावेजों के साथ निर्धारित फॉर्मेट में आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए। देर से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पद के पात्रता-मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे स्पाइसेस बोर्ड से सूचना प्राप्त करने के लिए अपनी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर को सक्रिय रखें।
4. पहचान, आयु, पता, योग्यता, अनुभव, समुदाय, निवास प्रमाण पत्र आदि के प्रमाण के लिए, उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र के सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत करनी होंगी ।
5. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता लगाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और / या कि उसने कोई असत्य / गलत जानकारी दी है या किसी भौतिक तथ्य(तथ्यों) को दबाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द हुई मानी जाएगी । यदि इनमें से किसी भी कमी का, नियुक्ति के बाद भी पता चलता है, तो उसकी सेवाएं समाप्त करने को बाध्य हैं।
6. पात्रता, परीक्षा के संचालन, विस्तृत परीक्षा और चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में स्पाइसेस बोर्ड के निर्णय सभी उम्मीदवारों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई अभ्यावेदन या पत्राचार नहीं किया जाएगा।
7. इस रिक्ति अधिसूचना और / या आवेदन, परीक्षा आदि की प्रतिक्रिया में उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही केवल कोच्ची में स्थापित की जा सकती है और कोई भी कारण / विवाद निपटाने केलिए केवल कोच्ची की अदालतों का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा ।
8. किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करना एक अयोग्यता होगी।
9. आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि के संबंध में आवेदकों की पात्रता, जैसेकि 01.10.2020 को है, के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
10. कार्य के एक विषय / क्षेत्र में अनुभव की अवधि, जहां भी निर्धारित हो, आवश्यक योग्यता अर्जित करने की तिथि के बाद की ही गिनी जाएगी।
11. अभ्यर्थी के पास निर्धारित योग्यता के लिए आवश्यक श्रेणी या अंकों का प्रतिशत न होने के मामले में, उच्च स्तर की योग्यता (समान विषय), यदि कोई हो, में प्राप्त अंकों की श्रेणी या प्रतिशत पर विचार किया जाएगा, यदि वह अपेक्षा की पूर्ति करती है तो।
12. आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख (यदि कोई है तो), लिखित परीक्षा की तारीख व स्थान और लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के परिणाम आदि से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाइट www.indianspices.com में प्रकाशित की जाएगी।
13. सरकारी विभागों / सार्वजनिक उपक्रमों / स्वायत्त निकायों में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित करना चाहिए और अपने नियोक्ता से अंतिम चयन प्रक्रिया / साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवार अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करने में असफल होने के मामले में, उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।
14. जहां कहीं डिग्री में सीजीपीए / ओजीपीए प्रदान किया जाता है, वहां उम्मीदवारों को आवेदन के साथ विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार समान अंकों के बराबर प्रतिशत का दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा ।
15. स्पाइसेस बोर्ड, यदि आवश्यक हो, भर्ती-प्रक्रिया में, बिना कोई नोटिस जारी किए, बिना कोई कारण बताए, संशोधन करने / बदलने / प्रतिबंधित करने / बढ़ाने / रद्द करने का अधिकार रखता है। स्पाइसेस बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मुद्दे के खिलाफ कोई अपील प्रोत्साहित नहीं की जाएगी
16. अधिसूचना से संबंधित सभी प्रश्न / मुद्दे इ-मेइल (qel.sb-ker@gov.in) के ज़रिए, वैज्ञानिक-सी व प्रभारी गु.मू.प्र., स्पाइसेस बोर्ड को संबोधित करके की जानी है ।

* * * * *

**अनुबंध -I**

## संविदा पर तकनीकी विश्लेषक (रसायन विज्ञान/सूक्ष्मजीव विज्ञान) केलिए आवेदन

| हाल ही में खींचे गए पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएँ |
|---|

विधिवत भरे हुए फॉर्मेट के साथ पात्रता मानदंड की स्व-सत्यापित प्रतियाँ संलग्न की जानी चाहिए। सत्यापन हेतु, पात्रता मानदंड के लिए प्रस्तुत दस्तावेज़ों की मूल प्रतियां उपलब्ध होनी चाहिए, ऐसा न करने पर उम्मीदवार को लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पद का नाम जिसकेलिए आवेदन किया है : .......................................................

स्थान (मुंबई/कोलकत्ता/रायबरेली) : ...............................................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उम्मीदवार का नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. | पत्र-व्यवहार केलिए पता : | |
| | संपर्क नंबर: | |
| | इ-मेइल आईडी : | |
| 3. | स्थाई पता : | |
| | संपर्क नंबर:<br>इ-मेइल आईडी : | |
| 4. | विवरण के साथ प्रस्तुत किया गया पहचान प्रमाण | |
| 5. | पात्रता मानदंड / प्रस्तुत की गई दस्तावेज: | |

| **क्रम संख्या** | **पात्रता मानदंड** | **विवरण** | **संलग्न दस्तावेज़ (जी हाँ / जी नहीं)** | **सत्यापन (केवल कार्यालय प्रयोजन केलिए)** |
|---|---|---|---|---|
| i. | क) जन्म तिथि<br>ख) आयु (जैसेकि 01-10-2020 को है, 35 वर्ष से अधिक न हो) | क)<br>ख) ........... वर्ष<br>........... महीने | | |

| क्रम सं ख्या | शैक्षिक योग्यताएँ | विश्वविद्यालय/ संस्था का नाम | पास होने का वर्ष | प्राप्त सीजीपीए/ ओजीपीए/ प्रतिशत | संलग्न दस्तावेज़ (जी हाँ / जी नहीं) | सत्यापन (केवल कार्यालय प्रयोजन केलिए) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

6. पिछले प्रशिक्षण / अनुभव (यदि कोई है तो) का विवरण :

| क्रम सं ख्या | प्रशिक्षण / अनुभव का क्षेत्र / | अनुभव का विवरण | | अवधि | | संलग्न दस्तावेज़ (जी हाँ / जी नहीं) | सत्यापन (केवल कार्यालय प्रयोजन केलिए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धारित पद (कर्मचारी/ प्रशिक्षु) | संस्था का नाम | से - तक | पूरे किए गए वर्ष व महीने | | |
| | | | | | | | |

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मैंने तकनीकी विश्लेषक (रसायन विज्ञान/सूक्ष्मजीव विज्ञान) के चयन की अधिसूचना पढ़ी है और प्रस्तुत स्व-सत्यापित दस्तावेज़ों के साथ ऊपर दिए गए विवरण सत्य एवं वैध हैं।

स्थान : हस्ताक्षर:

तारीख : नाम:

* * * * *